**DELHI JAL BOARD: GOVT. OF NCT OF DELHI**
**OFFICE OF DIRECTOR (A & P)/Parliament Cell**
**VARUNALAYA PHASE-II**
**KAROL BAGH, NEW DELHI-110005**

DJB/Director (A&P)/VSQ- Budget -2025/**Unst-194/CM-09** Dated:27.03.2025

To

Shri Neeraj Aggarwal,
Dy. Secretary, (Question Branch),
Delhi Vidhan Sabha Secretariat,
NCT of Delhi, Old Secretariat, Delhi – 110054.

**Subject:- Vidhan Sabha Un-starred Question No. 194 due for 28.03.2025 asked by Sh. Ajay Mahawar, MLA.**

Sir,

Please refer to your letter No. F-11(B-1)VIII/2025-30/VSS/Ques. Branch/2258 date 18.03.2025 regarding reply of questions for the house meeting on 28.03.2025.

In this connection I am enclosing herewith the reply of the aforementioned Vidhan Sabha Question in so far as the Delhi Jal Board is concerned.

This issues with the approval of the Hon'ble Minister Water

Encl: As above.

**(Amit Kumar Jain)**
**Director (Admn.& Personnel)**

निदेशक (प्रशा. एवं कार्मिक)
Director (Admn. & Personnel)
दिल्ली जल बोर्ड, दिल्ली सरकार
Delhi Jal Board, Govt. of NCT of Delhi

विभाग का नाम :– दिल्ली जल बोर्ड
विभाग का पता :– निदेशक (प्रशासनिक एवं कार्मिक)
करोल बाग, नई दिल्ली
अतारांकित प्रश्न संख्या :– **194**
दिनांक :– 28.03.2025
प्रश्नकर्त्ता का नाम :– श्री अजय महावर, विधायक
क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

| अ.क्र. | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| क) | घोंडा विधानसभा में पानी तथा सीवर की पाईप लाईनें कब डाली गई थीं, इसका क्षेत्र अनुसार ब्यौरा दें, घोंडा विधानसभा में कितने एम.एम. की और कुल कितने किमी लम्बी सीवर लाईन है। कॉलोनी वाईस सीवर लाईन के नक्शे के साथ सूची प्रदान करें; | घोंडा विधानसभा में पानी की लाइने लगभग १५ से ३५ साल पहले डाली गई थी, तथा सीवर की लाइने १२ से ३५ साल पहले डाली गई थी ।<br>घोंडा विधानसभा के अन्तरगत सीवर की लाइने 250,300,450,600,700,800 एवं 900, एम.एम. व्यास की है तथा कुल 161 किमी लम्बी सीवर लाईन है। ऐसी कोई सूची उपलब्ध नहीं है, नक्शा संलग्न है। |
| ख) | घोंडा विधानसभा में दिल्ली जल बोर्ड सीवर के रख रखाव में अप्रैल 2020 से अब तक कितना व्यय हुआ है व भविष्य में जल बोर्ड सीवर रख–रखाव संम्बंधी क्या–क्या योजना हैं; | घोंडा विधानसभा में दिल्ली जल बोर्ड सीवर के रख रखाव में अप्रैल 2020 से अब तक 762.82 लाख रुपये व्यय हुआ है। भविष्य में घोंडा विधानसभा के अन्तरगत आने वाली सीवर की लाइनों को मशीनो द्वारा सफाई करने का प्रावधान वित वर्ष २०२५-२६ के एक्शन प्लान मे प्रस्तावित है । |
| ग) | यमुना विहार यूजीआर व उस्मानपुर यूजीआर की कुल क्षमता कितनी है और घोंडा विधानसभा में कितनी हैं। घोंडा विधानसभा में कितना एमजीडी पानी उपयोग होता है व अन्य विधानसभाओं में कितना एमजीडी पानी यूजीआर से जाता है और घोंडा विधानसभा के लिए कितना एमजीडी पानी बढ़ाने की जरुरत है; | यमुना विहार यूजीआर की क्षमता 3.30 एमजी व उस्मानपुर यूजीआर की क्षमता 2.89 एमजी है, इन दोनों यू जी आर से करीब 13.26 एमजीडी पानी वितरित किया जाता है। घोंडा विधानसभा में लगभग 7.9 एमजीडी पानी की आपूर्ति होती है। उपरोक्त जलाशय से लगभग 5.36 एमजीडी पानी अन्य विधानसभा क्षेत्रो को भी सप्लाई किया जाता है । घोंडा विधानसभा क्षेत्र की पानी की मांग लगभग 20.00 एमजीडी है, वर्तमान मे यहाँ लगभग 7.9 एमजीडी पानी की आपूर्ति होती है तथा 12.10 एमजीडी पानी बढ़ाने की जरुरत है। |
| घ) | घोंडा विधानसभा में सीवर मेन होलों की हालत बिलकुल जर्जर व खराब है। इनका निरीक्षण कराकर उनकी मरम्मत का कार्य कितनी समय अवधि मे कराया जायेगा; | घोंडा विधानसभा में सीवर मेन होलों की मरम्मत का कार्य करने का प्रावधान एक्शन प्लान 2025-26 में लिया गया है। बजट की उपलब्धता के अनुसार कार्य वित्त वर्ष 2025-26 में कराया जायेगा। |
| ड़) | घोंडा विधानसभा पेरिफेरल सीवर लाईन की सफाई सुपर सकर मशीन के द्वारा होनी है जो लम्बे समय से लंबित है और जिसके कारण सीवर ओवरफ्लो हो रहे हैं। इन पेरिफेरल लाईनों की सफाई कितने समय के अन्तराल पर होनी चाहिए और अब कब की जाएगी; | घोंडा विधानसभा पेरिफेरल सीवर लाईन की सफाई सुपर सकर मशीन के द्वारा करने का प्रावधान एक्शन प्लान 2025-26 में लिया गया है। पेरिफेरल लाईनों की सफाई वर्ष मे एक बार या आवश्यकता अनुसार की जाती है। इन पेरीफेरल सीवर लाइनो की सफाई वित्त वर्ष 2025-26 मे कर दी जाएगी। |
| च) | घोंडा विधानसभा में लगभग सभी कॉलोनियों की सीवर लाईनों में सिल्ट जमा हुआ है, जिसकी अनेक वर्षो से डीसिल्टिंग नहीं हुई है और जिसके कारण पूरी तरह से सड़कों पर सीवर की गंदगी बह रही है। इन्हें तत्काल (बाल्टी वाली मशीन) सीवर क्लीनिंग मशीन के द्वारा पूरी डीसिल्टिंग करने की आवश्यकता है। क्या विभाग द्वारा इसका कोई प्रावधान है यदि हां, तो कब तक इन सीवरों की सफाई की जाएगी; और | सीवर लाइन की सफाई सीवर क्लीनिंग मशीन (बाल्टी वाली मशीन) द्वारा कार्य करने का प्रावधान एक्शन प्लान 2025-26 में लिया गया है। एस्टिमेट तैयार कर दिया हैं, बजट की उपलब्धता के अनुसार कार्य किया जायेगा। इन सीवर लाइनो की सफाई वित्त वर्ष 2025-26 मे कर दी जाएगी। |
| छ) | घोंडा विधानसभा में दिल्ली जलबोर्ड परियोजना विभाग द्वारा सीवर राईजिंग मेन का कार्य कब शुरु हुआ था और इसकी समय अवधि क्या है, इसका कितना प्रतिशत काम हुआ है और कितना बाकी है, इस कार्य से घोंडा विधानसभा में क्या–क्या लाभ होगा और यह कार्य कब तक पूर्ण होगा, इस कार्य में कितने एम.एम. की और कितनी लम्बी लाईन डाली गयी है? | घोंडा विधानसभा मे दिल्ली जल बोर्ड परियोजना विभाग द्वारा सीवेर राईजिंग मेन के 02 कार्य दिनांक 01.08.2022 एवं 10.11.2022 को क्रमशः शुरू हुए और इनकी अवधि 09 महीने थी जिनका 95% एवं 81% कार्य हो चुका है और 5% एवं 19% बाकी है। इन कार्यों के पूरा होने के उपरांत घोंडा विधानसभा मे सीवर संबधित शिकायतों में कमी आएगी। एन कार्यों का दिसम्बर 2025 तक पूर्ण होने की संभावना है। इन कार्यों के अंतर्गत 800 मिमी व्यास के 2950 मीटर एवं 1600 मीटर लंबाई डाली गई है। |

निदेशक (प्रशा. एवं कार्मिक)
Director (Admn. & Personnel)
दिल्ली जल बोर्ड, दिल्ली सरकार

PTO

Unst Q. No. 194


WAZIRABAD ROAD
MAIN BRAHMPURI ROAD 2
ROAD NO 59
MAIN ROAD JAFFRABAD
GAMRI ROAD
GAMRI ROAD
GHONDA
YAMUNA MARGINAL BANDH MARG
BHAJANPURA
66_GHONDA
BRAHAM PURI